# Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
## Media and Public Relations Office

दिनांक: 28 / 01 / 2023

**प्रकाशनार्थ**

आज दिनांक 28 जनवरी 2023 को UGC -HRDC, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 14 दिवसीय (28 जनवरी से 10 फरवरी 2023 तक) अन्तविषयीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम "सूचना संचार प्रदयोगिकी (Information and Communication Technology, ICT) का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता परम यशस्वी कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने की। उद्घाटन भाषण विशिष्ठ अतिथि प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, अध्यक्ष उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, उ० प्र० ने दिया। अतिथियों का स्वागत निदेशक - यू.जी.सी. एच आर डी सी एवं पूर्व कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, प्रो रजनीकान्त पाण्डेय ने किया। रिफ्रेशर कोर्स की आउटलाइन के बारे में कोर्स कोआर्डिनेटर प्रो. उमेश यादव ने बताया ।

कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सूचना संचार प्रौद्योगिकी के महत्व एवं इसके उपयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। शिक्षण संस्थाओं, विश्वविद्यालय में हम ICT को किस तरह प्रयोग कर मेसेज/ डाटा / विडीयो आन डिमांड, विडीयों मल्टीप्लेसिंग के द्वारा सूचना जो इनफारमेटिव हो को प्रदर्शित करने के बारे में बताया। रिसर्च, शिक्षा, आनलाइन शिक्षा, e-कन्टेन्ट, e-लर्निंग में ICT का बेहतर ढंग से कैसे प्रयोग करें, इसके बारे में अपने विचारों को व्यक्त किया। सूचना संचार प्राद्योगिकी के युग में सभी को विशेषकर छात्रों, शोध डालो, शिक्षक, कर्मचारी को ICT फ्रेंडली होना पड़ेगा तभी हम आने वाली चुनौतियों का सामना कर पायेंगे। इसी के साथ उन्होंने ICT enabled Education के महत्व के बारे में बताया। कुलपति जी ने UGC-HRDC Centre को IT सेल के साथ मिलकर विभिन्न कोर्सेज जैसे एंटरप्रेन्योरसिप, स्किल आधारित पाठ् यक्रम एवं distance learning,

मूक कोर्स निर्माण करने हेतु दिशा निर्देश दिया। प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने अपने उद्घाटन भाषण में ICT की महत्ता एवं इसकी उपयोगिता के बारे में चर्चा की। सूचना प्रौद्योगिकी क्या है? विशेषकर डाटा रिप्रेजेन्टेशन, डाटा स्टोरेज, डाटा रिट्रिवल और प्रोसेसिंग एवं डाटा कम्यूनीकेशन का महत्व समझाया। उन्होंने वर्चुवल बर्ड, साइबर स्पेस / साइवर सिक्योरिटी के बारे में विशेष जानकारी दी। नालेज सोसाइटी के निर्माण में ICT का प्रयोग महत्त्वपूर्ण होगा। समय के साथ सूचना प्रौद्योगिकी में बहुत कुछ परिवर्तन होने वाला है। लगभग सभी क्षेत्र के स्वरूप बदल जायेंगे। इक्कीसवीं तथा बाइसवीं सदी तक

आमूल चूल परिवर्तन हो सकता है। इस चौदह दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्योलयों से पचहत्तर से ज्यादा कार्यरत शिक्षकों ने भाग लिया है। कार्यक्रम के अन्त में प्रो० दिनेश यादव, पूर्व विभागाध्यक्ष बायोटेक्नालाजी विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन किया । अन्तविषयीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम "सूचना संचार प्रौद्योगिकी" के उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ सिंटू कुमार, भौतिकी विभाग ने किया। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लल्लन यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

(प्रो उमेश यादव )

कोआर्डिनेटर 7th पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

"सूचना संचार प्रोद्योगिकी"

UGC HRDC DDU Gorakhpur University Gorakhpur

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur